संख्या 6668/15-12-85-10(121)/85

(2)

प्रेषक,

श्री बी॰डी॰ अग्रवाल,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सेक्रेटरी
सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजूकेशन,
2/42, सन्त विहार, अन्सारी रोड,
दरियागंज, नई दिल्ली-110002

शिक्षा(12) अनुभाग लखनऊ, दिनांक 9 जनवरी, 198

विषय:- सेन्ट जोसेफ स्कूल, राबर्ट्सगंज, मिर्जापुर को अनापत्ति प्रमाण पत्र।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सेन्ट जोसेफ स्कूल, राबर्ट्सगंज जिला मिर्जापुर को सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजूकेशन, नई दिल्ली से सम्बद्ध होने में इस राज्य सरकार को निम्नांकित शर्तों के अधीन आपत्ति न होगी:-

सामान्य प्रतिबन्ध

1- संस्था को राज्य सरकार द्वारा कोई अनुदान नहीं दिया जायेगा।

2- संस्था के अध्यापक/अध्यापिकायें प्रशिक्षित होंगी। संस्था के शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय शिक्षा संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

3- राज्य सरकार अथवा राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे, उनका पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा।

4- विद्यालय में अनुशासन तथा शिक्षा का स्तर उच्च कोटि का रखा जायेगा

5- यदि उपर्युक्त शर्तों में से किसी भी शर्त का किसी भी समय उल्लंघन किया जायेगा तो यह अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा।

विशेष प्रतिबन्ध

1- विद्यालय की प्रबन्ध समिति का पंजीकरण सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट संख्या 21, 1860 के अधीन कराया जाय तथा नियमानुसार नवीनीकरण भी समय पर कराया जाये

2- विद्यालय में प्रत्येक कक्षा व अनुभाग के लिए उचित आकार का एक कक्ष तथा कक्षा की वैकल्पिक विषय कक्ष एवं चार प्रयोगात्मक कक्ष की व्यवस्था की जाये।

3- कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायें तथा उन्हें अन्य अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्ति लाभ उपलब्ध कराये जाय

6- विद्यालय का [illegible] निर्धारित मानकों/शर्तों में रह जायेगा।

भवदीय,

[illegible] कुमार
उप सचिव

संख्या 4464(1)/15-12-93-10121/93

(-)-(-)-(-)-(-)-(-)-(-)-(-)-(-)-(-)-(-)-(-)-(-)-(-)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- जिला विद्यालय निरीक्षक, मिर्जापुर।
3- उप शिक्षा निदेशक, वाराणसी।
4- निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय, उ०प्र०, लखनऊ।
5- प्रधानाचार्य, सेन्ट जोसेफ्स स्कूल राबर्ट्सगंज, मिर्जापुर।

आज्ञा से,

[illegible] कुमार
उप सचिव